# आईआईएम रांची में 1.2 करोड़ का पैकेज

# आईआईएम रांची : ई-एमबीए के छात्र को 1.2 करोड़ रुपए का मिला पैकेज

## संस्थान की फाइनल प्लेसमेंट रिपोर्ट जारी, डोमेस्टिक सीटीसी में 4.19% की बढ़ोतरी

सिटी रिपोर्टर | रांची

आईआईएम, रांची ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए फाइनल प्लेसमेंट रिपोर्ट जारी कर दी है। रिपोर्ट के अनुसार एग्जीक्यूटिव एमबीए (ई-एमबीए) 2024-26 समर बैच के छात्र ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 1.2 करोड़ रुपए का सर्वाधिक पैकेज हासिल किया। वहीं, एमबीए, एमबीए-ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट (एचआरएम) और एमबीए-बिजनेस एनालिटिक्स (बीए) के छात्रों के बीच देशी कंपनियों में पिछले वर्ष की तुलना में सर्वाधिक डोमेस्टिक सीटीसी में 4.19% की वृद्धि हुई हैं। इस वर्ष, विभिन्न क्षेत्रों में विविध भूमिकाओं के लिए 96 कंपनियों ने विद्यार्थियों को प्लेसमेंट ऑफर किया। फाइनल प्लेसमेंट रिपोर्ट 2025-26 को आधिकारिक तौर पर 6 मई, 2026 को आईआईएम रांची के निदेशक प्रो. दीपक कुमार श्रीवास्तव व कॉरपोरेट रिलेशन के चेयरपर्सन प्रो. राजीव वर्मा के साथ संस्थान के अन्य प्राध्यापकों की उपस्थिति में जारी की गई।

### एमबीए-बीए के पैकेज में 22% की वृद्धि

पिछले बैच की तुलना में एमबीए-बीए के छात्रों के बीच सर्वाधिक वार्षिक पैकेज में 22.16% की वृद्धि हुई है। एमबीए-बीए कोर्स में शामिल छात्रों को बैंकिंग, स्ट्रैटेजी एंड कंसल्टेंसी, आईटी एंड एनालिटिक्स, फाइनेंशियल सर्विसेस, इंश्योरेंस एंड फिनटेक जैसे क्षेत्रों ने प्लेसमेंट ऑफर दिया। कोर्स से जुड़े एक छात्र को सर्वाधिक 32.13 लाख रुपए का वार्षिक पैकेज मिला, जबकि, शीर्ष प्रदर्शन करने वाले 25% छात्रों ने औसतन 27.81 लाख रुपए का वार्षिक पैकेज हासिल किया।

### 40.54% छात्रों को प्री-प्लेसमेंट ऑफर

एमबीए-एचआरएम प्रोग्राम के छात्र जिन्होंने कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में भाग लिया, उनमें से 40.54% छात्रों ने प्री-प्लेसमेंट ऑफर हासिल कर लिया था। प्री-प्लेसमेंट ऑफर के तहत औसत वार्षिक पैकेज 18.86 लाख रुपए रहा। एमबीए-एचआरएम कार्यक्रम के एक छात्र ने 22.75 लाख रुपए का सर्वाधिक वार्षिक पैकेज हासिल किया। कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में 72.83% फ्रेशर्स और 42.93% छात्राएं शामिल हुईं। एमबीए के छात्रों को 60 कंपनियों ने प्लेसमेंट ऑफर दिया। एमबीए के एक छात्र ने सर्वाधिक वार्षिक पैकेज के रूप में 52.50 लाख रुपए का पैकेज हासिल किया।

Dainik Bhaskar_07.05.2026_P. 2

# ई-एमबीए में 1.2 करोड़, एमबीए में 52.50 लाख का मिला पैकेज

कुमार गौरव • जागरण

रांची : आइआइएम रांची ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए फाइनल प्लेसमेंट रिपोर्ट 6 मई को जारी की। एक्जीक्यूटिव एमबीए (ई-एमबीए) 2024-26 समर बैच के छात्र ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 1.2 करोड़ रुपये का सर्वाधिक पैकेज हासिल किया। वहीं, एमबीए, एमबीए-ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट (एचआरएम) और एमबीए-बिजनेस एनालिटिक्स (बीए) के छात्रों के बीच देशीय कंपनियों में पिछले वर्ष की तुलना में सर्वाधिक



आइआइएम रांची।

- आइआइएम रांची ने जारी की फाइनल प्लेसमेंट रिपोर्ट
- 96 कंपनियों ने विद्यार्थियों को प्लेसमेंट आफर किया

डोमेस्टिक सीटीसी में 4.19 प्रतिशत की वृद्धि हुई हैं। इस वर्ष, विभिन्न क्षेत्रों में विविध भूमिकाओं के लिए 96 कंपनियों ने विद्यार्थियों को प्लेसमेंट आफर किया। फाइनल प्लेसमेंट रिपोर्ट 2025-26 को आइआइएम रांची के निदेशक प्रो. दीपक कुमार श्रीवास्तव और कार्पोरेट रिलेशन के चेयरपर्सन प्रो. राजीव वर्मा के साथ संस्थान के अन्य प्राध्यापकों की उपस्थिति में जारी किया गया। निदेशक ने कहा कि पिछले शैक्षणिक सत्र की तुलना में छात्रों की संख्या में 31.15 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी।

### एमबीए-एचआरएम के 40.54 प्रतिशत छात्रों को प्री-प्लेसमेंट आफर

एमबीए-एचआरएम के छात्र जिन्होंने कैंपस ड्राइव में भाग लिया, उनमें से 40.54% ने प्री-प्लेसमेंट आफर हासिल कर लिया था। प्री-प्लेसमेंट आफर के तहत औसत वार्षिक पैकेज 18.86 लाख रुपये रहा। एमबीए-एचआरएम कार्यक्रम के एक छात्र ने 22.75 लाख रुपये का सर्वाधिक वार्षिक पैकेज हासिल किया। सत्र में शीर्ष प्रदर्शन करने वाले 25 प्रतिशत छात्रों ने औसतन 20.95 लाख रुपये का वार्षिक पैकेज हासिल किया।

### पिछले बैच की तुलना में एमबीए-बीए छात्रों के पैकेज में 22.16% की वृद्धि

पिछले बैच की तुलना में एमबीए-बीए के छात्रों के बीच सर्वाधिक वार्षिक पैकेज में 22.16% की वृद्धि हुई है। एमबीए-बीए कोर्स में शामिल छात्रों को बैंकिंग, स्ट्रेटेजी एंड कंसल्टेंसी, आइटी एंड एनालिटिक्स, फाइनेंसियल सर्विसेस, इंश्योरेंस एंड फिनटेक जैसे क्षेत्रों ने प्लेसमेंट आफर दिया। कोर्स से जुड़े एक छात्र को सर्वाधिक 32.13 लाख रुपये का वार्षिक पैकेज मिला।

### प्लेसमेंट ड्राइव में इनकी रही भागीदारी

प्लेसमेंट ड्राइव में आइटी, आइटीईएस, बीएफएसआइ, कंसल्टिंग, लाजिस्टिक्स एंड सप्लाई चेन, रक्षा क्षेत्र व आटोमोटिव सहित प्रमुख कंपनियों की भागीदारी देखी गई। छात्रों को अमेजन, एसएपी लैब्स, डीई शा, जेपी मार्गन चेस, वेल्स फार्गो, एचएसबीसी, टाटा कैपिटल, आदित्य बिड़ला ग्रुप, नेशनल पेमेंट्स कारपोरेशन आफ इंडिया, डेलायट, एक्सेंचर, मारुति सुजुकी व काग्निजेंट जैसे राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय कंपनियों ने छात्रों को उनकी प्रतिभा के अनुसार अपने संस्थान में जगह दी।

Dainik Jagran_07.05.2026_P. 4

# आईआईएम रांची में 1.21 करोड़ का पैकेज

**उपलब्धि**

**रांची, विशेष संवाददाता।** आईआईएम रांची ने प्लेसमेंट में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। एग्जीक्यूटिव एमबीए 2024-26 समर बैच के एक छात्र ने इस साल 1.2 करोड़ का पैकेज हासिल किया है। उसे यह पैकेज लीडरशिप भूमिका के लिए मिला है। इतना ही नहीं इस वर्ष उच्चतम घरेलू सीटीसी में 4.19% की वृद्धि दर्ज की गई। 96 कंपनियों ने प्लेसमेंट में भाग लिया।

फाइनल प्लेसमेंट रिपोर्ट संस्थान के निदेशक प्रो दीपक श्रीवास्तव और कॉरपोरेट रिलेशंस चेयरपर्सन प्रो राजीव वर्मा की उपस्थिति में जारी की गई। प्रो श्रीवास्तव ने बताया, इस वर्ष विद्यार्थियों की संख्या में 31.15 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। 75% विद्यार्थियों के औसत सीटीसी में भी वृद्धि हुई है। टीम ने इस सत्र में 53 नई कंपनियों का दौरा कर उन्हें संस्थान से जोड़ा, जबकि 70 से अधिक इंडस्ट्री लीडर्स ने टॉक दिए। ➤ देखें P 08

## एमबीए प्रोग्राम में 52.50 लाख का उच्चतम पैकेज

एमबीए प्रोग्राम में 60 कंपनियों ने विद्यार्थियों को प्लेसमेंट ऑफर दिए। उच्चतम पैकेज 52.50 लाख रुपये प्रति वर्ष रहा, जबकि टॉप 25 प्रतिशत छात्रों का औसत पैकेज 24.83 लाख रहा। एमबीए का कुल औसत पैकेज 19.24 लाख दर्ज हुआ। वहीं, 22.35% विद्यार्थियों को प्री-प्लेसमेंट ऑफर मिला, जिनका औसत पैकेज 19.28 लाख रहा। समर इंटर्नशिपके में वजीफा में 23.12 फीसदी की वृद्धि हुई, जो औसतन 3.69 लाख रुपये तक पहुंच गया।

Hindustan_07.05.2026_P. 3

# बिजनेस एनालिटिक्स के प्लेसमेंट में 22% की छलांग

रांची, विशेष संवाददाता। आईआईएम रांची के निदेशक प्रो दीपक कुमार श्रीवास्तव और कॉरपोरेट रिलेशंस चेयरपर्सन प्रो राजीव वर्मा की उपस्थिति में प्लेसमेंट रिपोर्ट जारी की गई। इस रिपोर्ट में बताया गया कि इस बार घरेलू पैकेज में 4.19% की बढ़ोतरी हुई। वहीं बिजनेस एनालिटिक्स में भी 22% की छलांग है।

रिपोर्ट में बताया गया कि एमबीए-एचआरएम प्रोग्राम में 40.54 प्रतिशत विद्यार्थियों को प्री-प्लेसमेंट ऑफर मिले। इसमें औसत पैकेज 18.86 लाख रहा। उच्चतम पैकेज 22.75 लाख रुपये और टॉप 25 प्रतिशत विद्यार्थियों का औसत पैकेज 20.95 लाख रहा। कुल औसत पैकेज 17.74 लाख रुपये दर्ज किया गया। एमबीए-बिजनेस एनालिटिक्स प्रोग्राम में इस वर्ष उच्चतम पैकेज में 22.16 प्रतिशत की वृद्धि हुई। उच्चतम पैकेज 32.13 लाख रुपये रहा, जबकि टॉप 25% छात्रों का औसत पैकेज 27.81 लाख रुपये और कुल औसत पैकेज 20.99 लाख रुपये रहा। इस प्रोग्राम में 13.16% विद्यार्थियों को पीपीओ प्राप्त हुआ। प्लेसमेंट में आईटी एंड आईटीईएस, बीएफएसआई, कंसल्टिंग, लॉजिस्टिक्स एंड सप्लाई चेन, डिफेंस और ऑटोमोटिव सेक्टर की प्रमुख कंपनियों ने भाग लिया। आईआईएम रांची ने हाल ही में क्यूएस एग्जीक्यूटिव एमबीए रैंकिंग 2026 में अपनी जगह बनाकर वैश्विक स्तर पर पहचान हासिल की है। संस्थान ने ईएमबीए 2026-28 समर बैच के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू कर दी है।

Hindustan_07.05.2026_P. 8

# ई-एमबीए में 1.2 करोड़ व एमबीए में 52.5 लाख का मिला पैकेज

## आइआइएम रांची की फाइनल प्लेसमेंट रिपोर्ट

संवाददाता, रांची

आइआइएम रांची ने सत्र 2025-26 के लिए फाइनल प्लेसमेंट रिपोर्ट जारी कर दी है. एग्जीक्यूटिव एमबीए 2024-26 समर बैच के छात्र ने 1.2 करोड़ का सर्वाधिक पैकेज हासिल किया है. वहीं एमबीए में 52.50 लाख रुपये का पैकेज मिला है. एमबीए, एमबीए-ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट व एमबीए-बिजनेस एनालिटिक्स के छात्रों के बीच देसी कंपनियों में पिछले वर्ष की तुलना में सर्वाधिक डोमेस्टिक सीटीसी में 4.19% की वृद्धि हुई है. इस साल 96 कंपनियों ने जॉब ऑफर किये. आइआइएम रांची के निदेशक प्रो दीपक कुमार श्रीवास्तव, और कॉरपोरेट रिलेशन के चेयरपर्सन प्रो राजीव वर्मा के साथ संस्थान के अन्य प्राध्यापकों की उपस्थिति में फाइनल प्लेसमेंट रिपोर्ट 2025-26 जारी की गयी. प्रो श्रीवास्तव ने कहा कि पिछले शैक्षणिक सत्र की तुलना में छात्रों की संख्या में 31.15 फीसदी वृद्धि हुई थी.

**एमबीए में एवरेज पैकेज 19.24 लाख रहा:** कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में 72.83 फीसदी फ्रेशर्स और 42.93 फीसदी छात्राएं शामिल हुईं. एमबीए के छात्रों को 60 कंपनियों ने प्लेसमेंट ऑफर दिया. एमबीए में 52.50 लाख रुपये का अधिकतम पैकेज मिला. शीर्ष प्रदर्शन करनेवाले 25 फीसदी छात्रों ने 24.83 लाख रुपये का औसत वार्षिक पैकेज हासिल किया. एमबीए कोर्स में शामिल छात्रों का औसत पैकेज 19.24 लाख रहा. 22.35 फीसदी एमबीए छात्रों ने 19.28 लाख रुपये के औसतन वार्षिक पैकेज के साथ प्री-प्लेसमेंट ऑफर (पीपीओ) हासिल किया. एमबीए-एचआरएम प्रोग्राम के 40.54 फीसदी विद्यार्थियों ने प्री-प्लेसमेंट ऑफर हासिल किया. औसत वार्षिक पैकेज 18.86 लाख रुपये रहा. एमबीए-एचआरएम के एक छात्र को 22.75 लाख का सर्वाधिक वार्षिक पैकेज मिला है. सत्र में शीर्ष प्रदर्शन करनेवाले 25 फीसदी छात्रों ने औसतन 20.95 लाख का वार्षिक पैकेज हासिल किया.

Prabhat Khabar_07.05.2026_P. 7

प्रातः नागपुरी



# आईआईएम रांची प्लेसमेंट : छात्रों को मिला 1.2 करोड़ का पैकेज

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** आईआईएम रांची ने शैक्षणिक सत्र 2025-26के लिए अपना फाइनल प्लेसमेंट रिपोर्ट जारी कर दिया है। रिपोर्ट के अनुसार एग्जीक्यूटिव एमबीए (ई-एमबीए) 2024-26 समर बेच के छात्र ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 1.2 करोड़ रुपये का सर्वाधिक पैकेज हासिल किया। वहीं, एमबीए, एमबीए-ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट (एचआरएम) और एमबीए-बिजनेस एनालिटिक्स (बीए) के छात्रों के बीच देशीय कंपनियों में पिछले वर्ष की तुलना में सर्वाधिक डोमेस्टिकसीटीसी में 4.19% की वृद्धि हुई हैं। इस वर्ष, विभिन्न क्षेत्रों में विविध भूमिकाओं के लिए 96 कंपनियों ने विद्यार्थियों को प्लेसमेंट ऑफर किया।

रिपोर्ट को आधिकारिक तौर पर 6 मई, 2026 को आईआईएम रांची के निदेशक प्रो दीपक कुमार श्रीवास्तव और कॉर्पोरेट रिलेशन के चेयरपर्सन प्रो राजीव वर्मा के साथ संस्थान के अन्य प्राध्यापकों की उपस्थिति में जारी किया गया। प्रो श्रीवास्तव ने कहा कि,



पिछले शैक्षणिक सत्र की तुलना में छात्रों की संख्या में 31.15% की वृद्धि हुई थी। विभिन्न कोर्स में शामिल छात्रों के प्री-प्लेसमेंट ऑफर समेत शीर्ष के 25 और 75% के औसत सीटीसीमें आकर्षक वृद्धि हुई है।

शैक्षणिक सत्र के दौरान संस्थान के कॉरपोरेट रिलेशंस टीम ने 53 नई कंपनियों का सक्रिय रूप से दौरा कर उन्हें प्लेसमेंट के लिए आमंत्रित किया, जिससे प्लेसमेंट को बढ़ावा मिला।इसके अलावा, उद्योग जगत के 70 से अधिक प्रबंधकों और नेत्रित्वकताओं ने अपने लीडरशिप टॉक से विद्यार्थियों को मांझने का काम किया। केंपस प्लेसमेंट ड्राइव में 72.83% फ्रेशर्सऔर 42.93% छात्राएं शामिल हुई। एमबीए के छात्रों को 60 कंपनियों ने प्लेसमेंट ऑफर दिया। एमबीए के एक छात्र ने सर्वाधिक वार्षिक पैकेज के रूप में 52.50 लाख रुपयेका पैकेज हासिल किया। शीर्ष प्रदर्शन करने वाले 25% छात्रों ने 24.83 लाख रुपये का औसत वार्षिक पैकेज हासिल किया। एमबीए कोर्स में शामिल छात्रों का कुल औसतन वार्षिक पैकेज 19.24 लाख रहा। इसके अलावा, 22.35% एमबीए छात्रों ने19.28 लाख रुपये के औसतन वार्षिक पैकेज के साथ प्री-प्लेसमेंट ऑफर (पीपीओ) हासिल किया। समर इंटर्नशिप प्रोग्राम के अंतर्गत एमबीए के छात्रों के वजीफे में कुल 23.12% की वृद्धि हुई, जो सर्वाधिक 3.69 लाख रुपये रहा।

एमबीए-एचआरएम प्रोग्राम के छात्र जिन्होंनि केंपस प्लेसमेंट ड्राइव में भाग लिया, उनमें से 40.54% छात्रों ने प्री-प्लेसमेंट ऑफर हासिल कर लिया था। प्री-प्लेसमेंट ऑफर के तहत औसत वार्षिक पैकेज 18.86 लाख रुपये रहा। एमबीए-एचआरएम कार्यक्रम के एक छात्र ने 22.75 लाख रुपये का सर्वाधिक वार्षिक पैकेज हासिल किया। सत्र में शीर्ष प्रदर्शन करने वाले 25% छात्रों ने औसतन 20.95 लाख रुपये का वार्षिक पैकेज हासिल किया।जबकि, एमबीए-एचआरएमके छात्रों ने 17.74 लाख रुपये का औसतन वार्षिक पैकेज प्राप्त किया। एमवीए-वीएकोर्स में शामिल छात्रों को वैंकिंग, स्ट्रेटेजी एंड कंसल्टेंसी, आईटी एंड एनालिटिक्स, फाइनेंसियल सर्विसेस, इनश्योरेंसएंड फिनटेकजैसे क्षेत्रों ने प्लेसमेंट ऑफर दिया।

Morning India 7.5.26

# आईआईएम रांची प्लेसमेंट 2025-26: ईएमबीए में 1.2 करोड़, एमबीए में 52.5 लाख का टॉप पैकेज

राँची ।। सन्देश सरिता

इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट राँची ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 की फाइनल प्लेसमेंट रिपोर्ट जारी कर दी है। इस बार संस्थान ने प्लेसमेंट के क्षेत्र में शानदार प्रदर्शन किया है। ईएमबीए बैच में एक छात्र ने 1.2 करोड़ रुपये का सर्वाधिक पैकेज हासिल किया, जबकि एमबीए में अधिकतम पैकेज 52.50 लाख रुपये रहा। रिपोर्ट के अनुसार 96 कंपनियों ने विभिन्न क्षेत्रों में छात्रों को ऑफर दिए। एमबीए में 60 कंपनियां शामिल हुईं, जहां औसत पैकेज 19.24 लाख रुपये रहा। शीर्ष 25% छात्रों का औसत पैकेज 24.83 लाख रुपये दर्ज किया गया। एमबीए-एचआरएम में 40.54% छात्रों को प्री-प्लेसमेंट ऑफर मिला, जबकि एमबीए-बिजनेस एनालिटिक्स में पैकेज में 22.16% की वृद्धि दर्ज की गई। इस कोर्स में अधिकतम पैकेज 32.13 लाख रुपये रहा। आईटी, बीएफएसआई, कंसल्टिंग और ऑटोमोबाइल सेक्टर की दिग्गज कंपनियों ने भाग लिया। संस्थान को क्यूएस एग्जीक्यूटिव एमबीए रैंकिंग 2026 में भी वैश्विक पहचान मिली है।

Khabar Ajtak_07.05.2026

# आईआईएम रांची प्लेसमेंट 2025-26: ईएमबीए में 1.2 करोड़, एमबीए में 52.50 लाख का टॉप पैकेज

**समृद्ध झारखंड संवाददाता**

**रांची:** आईआईएम ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए अपनी फाइनल प्लेसमेंट रिपोर्ट जारी कर दी है। संस्थान अपने प्रबंधन कार्यक्रमों में मजबूत प्रदर्शन और उल्लेखनीय उपलब्धियों को लगातार हासिल कर रहा है।

प्लेसमेंट रिपोर्ट के अनुसार, एग्जीक्यूटिव एमबीए (ई-एमबीए) 2024-26 समर बैच के एक छात्र ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 1.2 करोड़ रुपये का सर्वाधिक पैकेज हासिल किया। वहीं, एमबीए, एमबीए-ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट (एचआरएम) और एमबीए-बिजनेस एनालिटिक्स (बीए) के छात्रों के बीच घरेलू कंपनियों में पिछले वर्ष की तुलना में सर्वाधिक डोमेस्टिक सीटीसी में 4.19% की वृद्धि हुई है इस वर्ष विभिन्न क्षेत्रों में विविध भूमिकाओं के लिए 96 कंपनियों ने विद्यार्थियों को प्लेसमेंट ऑफर दिया। प्लेसमेंट प्रक्रिया में आईआईएम रांची के छात्रों ने न केवल अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई, बल्कि प्रमुख मल्टीनेशनल कंपनियों में भी अपनी दक्षता से अवसर हासिल किए। यह संस्थान के बढ़ते उद्योग संपर्क और वैश्विक प्रासंगिकता को दर्शाता है।

फाइनल प्लेसमेंट रिपोर्ट 2025-26 को आधिकारिक तौर पर 6 मई 2026 को आईआईएम रांची के निदेशक प्रो. दीपक कुमार श्रीवास्तव और कॉर्पोरेट रिलेशन के चेयरपर्सन प्रो. राजीव वर्मा के साथ



संस्थान के अन्य प्राध्यापकों की उपस्थिति में जारी किया गया।

प्रो. श्रीवास्तव ने कहा कि पिछले शैक्षणिक सत्र की तुलना में छात्रों की संख्या में 31.15% की वृद्धि हुई है। विभिन्न कोर्स में शामिल छात्रों के प्री-प्लेसमेंट ऑफर समेत शीर्ष 25% और 75% के औसत सीटीसी में आकर्षक वृद्धि हुई है।

शैक्षणिक सत्र के दौरान संस्थान की कॉर्पोरेट रिलेशंस टीम ने 53 नई कंपनियों का सक्रिय रूप से दौरा कर उन्हें प्लेसमेंट के लिए आमंत्रित किया, जिससे प्लेसमेंट को बढ़ावा मिला। इसके अलावा, उद्योग जगत के 70 से अधिक प्रबंधकों और नेतृत्वकर्ताओं ने अपने लीडरशिप टॉक से विद्यार्थियों को मार्गदर्शन दिया।

Samridh Jharkhand 7.5.26

# MBA Placement 2026: रांची के लड़के को मिला ₹1.2 करोड़ का पैकेज, IIM रांची में जबरदस्त जॉब ऑफर

Authored By: अमन कुमार | नवभारतटाइम्स.कॉम • 6 May 2026, 5:26 pm IST

Subscribe

IIM Placement 2025-26: आईआईएम रांची ने इस साल के प्लेसमेंट ने कई कीर्तिमान रचे हैं। MBA, MBA HRM और MBA BA को मिलने वाले जॉब ऑफर और सालाना सैलरी पैकेज में अच्छी-खासी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। एक स्टूडेंट को 1.2 करोड़ रुपये का सबसे ज्यादा पैकेज मिला है।



आईआईएम रांची की प्लेसमेंट 2026 की फाइनल रिपोर्ट जारी। (फोटो सोर्स- IIM रांची)

**IIM Placement 2025-26:** इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट (IIM), रांची ने एकेडमिक ईयर 2025-26 के लिए अपनी प्लेसमेंट रिपोर्ट जारी कर दी है। पिछले साल की तुलना में इस बार 96 यूनिक कंपनियों ने स्टूडेंट्स को जबरदस्त जॉब ऑफर दिए हैं, इनमें 53 नई कंपनियां शामिल थीं। इस साल आईआईएम रांची प्लेसमेंट में रांची के एक स्टूडेंट को 1.2 करोड़ रुपये का सबसे ज्यादा पैकेज बड़ी उपलब्धि रही है।

इस साल **आईआईएम** रांची में कुल मिलाकर 96 अलग-अलग कंपनियों ने प्लेसमेंट प्रोसेस में हिस्सा लिया और अलग-अलग सेक्टर में कई तरह के रोल ऑफर किए। IIM रांची के स्टूडेंट्स को जानी-मानी मल्टीनेशनल कंपनियों में भी काम करने के मौके मिले। इसके अलावा, 70 से ज्यादा इंडस्ट्री लीडर्स ने कैंपस में Leadership Talks दिए।

## रांची के लड़के को विदेश में मिला 1.2 करोड़ का पैकेज



IIM रांची ने एकेडमिक सेशन 2025-26 का फाइनल प्लेसमेंट सभी प्रोग्राम में मजबूत परफॉर्मेंस और शानदार उपलब्धियों के नाम रहा है। सबसे बड़ी उपलब्धि एग्जीक्यूटिव MBA (EMBA) समर बैच की रही है। समर बैच के एक स्टूडेंट को विदेश में 1.2 करोड़ रुपये का सबसे अधिक सालाना सैलरी पैकेज मिला है।

मिली जानकारी के अनुसार, स्टूडेंट अफ्रीका की बड़ी कंपनी में लीडिंग जॉब रोल के लिए सेलेक्ट हुआ है। इसके अलावा MBA, MBA - Human Resource Management (HRM), और MBA - Business Analytics (BA) के लिए प्लेसमेंट सीजन में भी डोमेस्टिक सैलरी में एक पॉजिटिव ट्रेंड देखने को मिला। पिछले साल के मुकाबले स्टूडेंट्स के सबसे ज्यादा डॉमेस्टिक CTC में 4.19% की बढ़ोतरी दर्ज की गई।

## रेगुलर MBA को 52.50 लाख का पैकेज



60 कंपनियों ने MBA स्टूडेंट्स को प्लेसमेंट जॉब ऑफर दिए। रेगुलर MBA के एक स्टूडेंट को मिला सबसे ज्यादा सालाना पैकेज ₹52.50 लाख तक पहुंच गया। वहीं सबसे अच्छा परफॉर्म करने वाले 25% स्टूडेंट्स को एवरेज ₹24.83 लाख का सालाना पैकेज मिला। MBA छात्रों के लिए ओवरऑल एवरेज सालाना पैकेज ₹19.24 लाख रहा है।

इसके अलावा, 22.35% MBA छात्रों को प्री-प्लेसमेंट ऑफर (PPOs) मिले, जिनका औसत सालाना पैकेज ₹19.28 लाख था। समर इंटर्नशिप

प्रोग्राम (SIP) के लिए मिलने वाले स्टाइपेंड में MBA छात्रों के लिए कुल मिलाकर 23.12% की अच्छी-खासी बढ़ोतरी हुई है, जो अब ₹3.69 लाख हो गया है।

## 72.83% फ्रैशर्स और 42.93% महिला स्टूडेंट्स ने हिस्सा लिया



कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में हिस्सा लेने वाले स्टूडेंट्स में से 72.83% फ्रेशर्स थे और 42.93% महिला स्टूडेंट्स थीं। फाइनल प्लेसमेंट रिपोर्ट 2025-26 को 6 मई, 2026 को डायरेक्टर प्रो. दीपक कुमार श्रीवास्तव बताया

कि पिछले बैच के मुकाबले स्टूडेंट्स की संख्या में 31.15% की बढ़ोतरी हुई है। साथ ही, PPO% और सभी प्रोग्राम में टॉप 25% और 75th परसेंटाइल के औसत CTC में भी काफी बढ़ोतरी हुई है।

## MBA-HRM के स्टूडेंट को मिला ₹22.75 लाख का प्री प्लेसमेंट जॉब ऑफर



MBA-HRM प्रोग्राम के जिन छात्रों ने कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में हिस्सा लिया, उनमें से 40.54% छात्रों को प्री-प्लेसमेंट ऑफर मिले। इन प्री-प्लेसमेंट ऑफर्स के तहत औसत सालाना पैकेज ₹18.86 लाख था।

MBA-HRM प्रोग्राम के किसी एक छात्र को मिलने वाला सबसे ज्यादा सालाना पैकेज ₹22.75 लाख तक रहा। वहीं टॉप 25% स्टूडेंट्स का एवरेज सालाना सैलरी पैकेज ₹20.95 लाख तक रहा। MBA-HRM छात्रों के लिए कुल औसत सालाना पैकेज ₹17.74 लाख था।

## MBA-BA स्टूडेंट्स के प्लेसमेंट में 22.16% की जबरदस्त बढ़ोतरी





पिछले साल के मुकाबले इस साल MBA-BA बैच के स्टूडेंट्स के पैकेज में 22.16% की जबरदस्त बढ़ोतरी हुई है। MBA-BA प्रोग्राम के छात्रों को बैंकिंग, स्ट्रेटेजी और कंसल्टिंग, IT और एनालिटिक्स, फाइनेंशियल सर्विसेज, इंश्योरेंस और फिनटेक जैसे सेक्टरों में प्लेसमेंट मिला। MBA-BA के किसी एक छात्र को मिलने वाला सबसे ज्यादा सालाना पैकेज ₹32.13 लाख था।

सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले 25% छात्रों को औसतन ₹27.81 लाख का सालाना पैकेज मिला। MBA-BA छात्रों के लिए कुल औसत सालाना पैकेज ₹20.99 लाख था। MBA-BA प्रोग्राम के जिन छात्रों ने कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में हिस्सा लिया, उनमें से 13.16% छात्रों को प्री-प्लेसमेंट ऑफर मिले।

## आईआईएम प्लेसमेंट शामिल कंपनियां



आईआईएम रांची 2026-26 प्लेसमेंट सीजन में IT और ITES, BFSI, कंसल्टिंग, लॉजिस्टिक्स और अन्य कई अलग-अलग सेक्टरों की जानी-मानी कंपनियों ने हिस्सा लिया। सप्लाई चेन, रक्षा क्षेत्र और ऑटोमोटिव। Amazon, SAP Labs, D. E. Shaw, JPMorgan Chase, Wells Fargo, HSBC, Tata Capital, Aditya Birla Group, National Payments Corporation of India, Deloitte, Accenture, Maruti Suzuki और Cognizant जैसे जाने-माने संगठनों ने प्रतिभाशाली छात्रों को भर्ती करने के लिए कैंपस का दौरा किया।

बता दें कि IIM रांची ने हाल ही में इंटरनेशनल लेवल पर मान्यता प्राप्त QS Executive MBA Rankings 2026 में अपनी शुरुआत की है, जो ग्लोबल पहचान और शैक्षणिक उत्कृष्टता की दिशा में मील का पत्थर माना जा रहा है।

(All Photos Credit: IIM Ranchi)

# IIM रांची प्लेसमेंट 2025-26: ईएमबीए में 1.2 करोड़ और एमबीए में 52.50 लाख का सर्वोच्च पैकेज

***आईआईएम रांची के एग्जीक्यूटिव एमबीए के एक छात्र को 1.2 करोड़ रुपये का पैकेज मिला है.***



*आईआईएम रांची प्लेसमेंट 2025-26 (Etv Bharat)*

By ETV Bharat Jharkhand Team
Published : May 6, 2026 at 7:56 PM IST

**रांची:** आईआईएम रांची ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए अपनी फाइनल प्लेसमेंट रिपोर्ट जारी कर दी है. संस्थान ने एक बार फिर अपने प्रबंधन कार्यक्रमों में मजबूत प्रदर्शन करते हुए उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं. रिपोर्ट के अनुसार, एग्जीक्यूटिव एमबीए (ई-एमबीए) 2024-26 समर बैच के एक छात्र ने 1.2 करोड़ रुपये का सर्वाधिक पैकेज हासिल किया, जो इस सत्र की सबसे बड़ी उपलब्धि है.

## घरेलू कंपनियों में सर्वाधिक डोमेस्टिक सीटीसी

वहीं एमबीए, एमबीए ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट (एचआरएम) और एमबीए बिजनेस एनालिटिक्स (बीए) कार्यक्रमों में भी प्लेसमेंट के आंकड़ों में सुधार देखने को मिला है. घरेलू कंपनियों में सर्वाधिक डोमेस्टिक सीटीसी में पिछले साल की तुलना में 4.19 % की वृद्धि दर्ज की गई है. इस साल 96 कंपनियों ने विभिन्न क्षेत्रों में विद्यार्थियों को प्लेसमेंट ऑफर दिए, जो संस्थान के बढ़ते कॉरपोरेट कनेक्शन को दर्शाता है.

## पिछले सत्र की तुलना में छात्रों की संख्या में 31.15 % की वृद्धि

फाइनल प्लेसमेंट रिपोर्ट 6 मई 2026 को आईआईएम रांची के निदेशक प्रो. दीपक कुमार श्रीवास्तव और कॉर्पोरेट रिलेशन चेयरपर्सन प्रो. राजीव वर्मा की उपस्थिति में जारी की गई. निदेशक ने बताया कि पिछले सत्र की तुलना में छात्रों की संख्या में 31.15 % की वृद्धि हुई है. साथ ही शीर्ष 25 % और 75 % छात्रों के औसत पैकेज में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की गई है.

**60 कंपनियों ने एमबीए छात्रों को दिया प्लेसमेंट ऑफर**

एमबीए प्लेसमेंट ड्राइव में 72.83 % फ्रेशर्स और 42.93 % छात्राएं शामिल हुईं. इस दौरान 60 कंपनियों ने एमबीए छात्रों को प्लेसमेंट ऑफर दिया. एक छात्र को सर्वाधिक 52.50 लाख रुपये का वार्षिक पैकेज मिला जबकि शीर्ष 25 % छात्रों का औसत पैकेज 24.83 लाख रुपये रहा. एमबीए का औसत पैकेज 19.24 लाख रुपये दर्ज किया गया. इसके अलावा 22.35 % छात्रों को औसतन 19.28 लाख रुपये के साथ प्री-प्लेसमेंट ऑफर मिला.

**25% छात्रों का औसत पैकेज 20.95 लाख**

एमबीए एचआरएम प्रोग्राम में 40.54% छात्रों को प्री-प्लेसमेंट ऑफर मिला. इस श्रेणी में सर्वाधिक पैकेज 22.75 लाख रुपये रहा जबकि औसत पैकेज 17.74 लाख रुपये दर्ज किया गया. शीर्ष 25% छात्रों का औसत पैकेज 20.95 लाख रुपये रहा.

**इस प्रोग्राम में 13.16% छात्रों को प्री प्लेसमेंट का ऑफर**

एमबीए बिजनेस एनालिटिक्स (बीए) प्रोग्राम में भी उल्लेखनीय प्रगति देखने को मिली है. इस कोर्स में सर्वाधिक पैकेज 32.13 लाख रुपये रहा, जो पिछले साल की तुलना में 22.16% अधिक है. शीर्ष 25% छात्रों का औसत पैकेज 27.81 लाख रुपये और कुल औसत पैकेज 20.99 लाख रुपये रहा. इस प्रोग्राम में 13.16% छात्रों को प्री-प्लेसमेंट ऑफर प्राप्त हुआ.

**कई प्रकार की कंपनियों ने भाग लिया**

प्लेसमेंट ड्राइव में आईटी, बीएफएसआई, कंसल्टिंग, लॉजिस्टिक्स, सप्लाई चेन, रक्षा और ऑटोमोटिव जैसे विभिन्न क्षेत्रों की कंपनियों ने भाग लिया. अमेजन, एसएपी लैब्स, डीई शॉ, जेपी मॉर्गन चेस, वेल्स फार्गो, एचएसबीसी, टाटा कैपिटल, आदित्य बिड़ला ग्रुप, एनपीसीआई, डेलॉयट, एक्सेंचर, मारुति सुजुकी और कॉग्निजेंट जैसी प्रमुख कंपनियों ने छात्रों को ऑफर दिए.

**संस्थान की पहचान को मिला वैश्विक मंच**

आईआईएम रांची ने हाल ही में क्यूएस एग्जीक्यूटिव एमबीए रैंकिंग 2026 में भी स्थान हासिल किया है, जो संस्थान की वैश्विक पहचान को दर्शाता है. इसके साथ ही एग्जीक्यूटिव एमबीए 2026-28 (समर बैच) के लिए आवेदन प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है.

> *आईआईएम रांची का यह प्लेसमेंट परिणाम हमारे छात्रों की मेहनत, फैकल्टी के मार्गदर्शन और इंडस्ट्री के साथ मजबूत साझेदारी का प्रमाण है. इस साल न केवल प्लेसमेंट के आंकड़ों में वृद्धि हुई है बल्कि छात्रों को विविध और उच्च गुणवत्ता वाले अवसर भी प्राप्त हुए हैं. हम भविष्य में भी अपने छात्रों को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं:* ***दीपक कुमार श्रीवास्तव, डायरेक्टर, आईआईएम रांची***

Dainik Bhaskar_06.05.2026_Online

# IIM रांची का जलवा: ई-एमबीए के छात्र को मिला करोड़ों रुपये का पैकेज, 96 कंपनियों ने दिए प्लेसमेंट ऑफर

BY **KUMAR GAURAV** | EDITED BY: **SHASHANK BARANWAL**
UPDATED: THU, 07 MAY 2026 12:45 PM (IST)

आईआईएम रांची ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 की फाइनल प्लेसमेंट रिपोर्ट जारी की है, जिसमें ई-एमबीए छात्र को 1.2 करोड़ रुपये का सर्वाधिक पैकेज मिला। ...और पढ़ें



**कुमार गौरव, रांची।** आईआईएम रांची ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए अपना फाइनल प्लेसमेंट रिपोर्ट 6 मई को जारी कर दिया। संस्थान अपने प्रबंधन कार्यक्रमों में मजबूत प्रदर्शन और उपलब्धियों को लगातार हासिल कर रहा है।

प्लेसमेंट रिपोर्ट के अनुसार, एक्जीक्यूटिव एमबीए (ई-एमबीए) 2024-26 समर बैच के छात्र ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 1.2 करोड़ रुपये का सर्वाधिक पैकेज हासिल किया। वहीं, एमबीए, एमबीए-ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट (एचआरएम) और एमबीए-बिजनेस एनालिटिक्स (बीए) के छात्रों के बीच देशीय कंपनियों में पिछले वर्ष की तुलना में सर्वाधिक डोमेस्टिक सीटीसी में 4.19 प्रतिशत की वृद्धि हुई हैं।

इस वर्ष, विभिन्न क्षेत्रों में विविध भूमिकाओं के लिए 96 कंपनियों ने विद्यार्थियों को प्लेसमेंट ऑफर किया। प्लेसमेंट प्रक्रिया में आइआइएम रांची के छात्रों ने न केवल अपनी मजबूत उपस्थिति पेश की बल्कि प्रमुख मल्टी नेशनल कंपनियों में अवसर को अपनी दक्षता से हासिल किया।

यह संस्थान के बढ़ते उद्योग संपर्क और वैश्विक प्रासंगिकता को दर्शाता है। फाइनल प्लेसमेंट रिपोर्ट 2025-26 को आइआइएम रांची के निदेशक प्रो. दीपक कुमार श्रीवास्तव और कार्पोरेट रिलेशन के चेयरपर्सन प्रो. राजीव वर्मा के साथ संस्थान के अन्य प्राध्यापकों की उपस्थिति में जारी किया गया।

निदेशक ने कहा कि पिछले शैक्षणिक सत्र की तुलना में छात्रों की संख्या में 31.15 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। विभिन्न कोर्स में शामिल छात्रों के प्री-प्लेसमेंट आफर समेत शीर्ष के 25 और 75 प्रतिशत के औसत सीटीसी में वृद्धि हुई है।

शैक्षणिक सत्र के दौरान संस्थान के कार्पोरेट रिलेशंस टीम ने 53 नई कंपनियों का सक्रिय रूप से दौरा कर उन्हें प्लेसमेंट के लिए आमंत्रित किया, जिससे प्लेसमेंट को बढ़ावा मिला। इसके अलावा, उद्योग जगत के 70 से अधिक प्रबंधकों और नेतृत्वकर्ताओं ने अपने लीडरशिप टाक से विद्यार्थियों को सशक्त बनाने का काम किया।

## एमबीए प्लेसमेंट ड्राइव में 72.83 प्रतिशत फ्रेशर्स और 42.93 प्रतिशत छात्राएं हुई शामिल

कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में 72.83 प्रतिशत फ्रेशर्स और 42.93 प्रतिशत छात्राएं शामिल हुई। एमबीए के छात्रों को 60 कंपनियों ने प्लेसमेंट आफर दिया। एमबीए के एक छात्र ने सर्वाधिक वार्षिक पैकेज के रूप में 52.50 लाख रुपये का पैकेज हासिल किया। जबकि, शीर्ष प्रदर्शन करने वाले 25 प्रतिशत छात्रों ने 24.83 लाख रुपये का औसत वार्षिक पैकेज हासिल किया।

एमबीए कोर्स में शामिल छात्रों का कुल औसतन वार्षिक पैकेज 19.24 लाख रहा। इसके अलावा, 22.35 प्रतिशत एमबीए छात्रों ने 19.28 लाख रुपये के औसतन वार्षिक पैकेज के साथ प्री-प्लेसमेंट आफर (पीपीओ) हासिल किया। वहीं, समर इंटर्नशिप प्रोग्राम (एसआइपी) के अंतर्गत एमबीए के छात्रों के वजीफे में कुल 23.12 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो सर्वाधिक 3.69 लाख रुपये रहा।

## एमबीए-एचआरएम के 40.54 प्रतिशत छात्रों को प्री-प्लेसमेंट ऑफर

एमबीए-एचआरएम प्रोग्राम के छात्र जिन्होंने कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में भाग लिया, उनमें से 40.54 प्रतिशत छात्रों ने प्री-प्लेसमेंट आफर हासिल कर लिया था। प्री-प्लेसमेंट आफर के तहत औसत वार्षिक पैकेज 18.86 लाख रुपये रहा।

एमबीए-एचआरएम कार्यक्रम के एक छात्र ने 22.75 लाख रुपये का सर्वाधिक वार्षिक पैकेज हासिल किया। सत्र में शीर्ष प्रदर्शन करने वाले 25 प्रतिशत छात्रों ने औसतन

20.95 लाख रुपये का वार्षिक पैकेज हासिल किया। जबकि, एमबीए-एचआरएम के छात्रों ने 17.74 लाख रुपये का औसतन वार्षिक पैकेज प्राप्त किया।

## एमबीए-बीए छात्रों के पैकेज में 22.16 प्रतिशत की वृद्धि

पिछले बैच की तुलना में एमबीए-बीए के छात्रों के बीच सर्वाधिक वार्षिक पैकेज में 22.16 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। एमबीए-बीए कोर्स में शामिल छात्रों को बैंकिंग, स्ट्रेटेजी एंड कंसल्टेंसी, आइटी एंड एनालिटिक्स, फाइनेंसियल सर्विसेस, इंश्योरेंस एंड फिनटेक जैसे क्षेत्रों ने प्लेसमेंट ऑफर दिया।

कोर्स से जुड़े एक छात्र को सर्वाधिक 32.13 लाख रुपये का वार्षिक पैकेज मिला। जबकि, शीर्ष प्रदर्शन करने वाले 25 प्रतिशत छात्रों ने औसतन 27.81 लाख रुपये का वार्षिक पैकेज हासिल किया।

वहीं, कोर्स में शामिल छात्र औसतन 20.99 लाख रुपये का वार्षिक पैकेज हासिल करने में सफल रहे। कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में भाग लेने वाले एमबीए-बीए कोर्स के 13.16 प्रतिशत छात्रों को प्री-प्लेसमेंट ऑफर मिला।

## प्लेसमेंट ड्राइव में इनकी रही भागीदारी

प्लेसमेंट ड्राइव में आईटी और आईटीईएस, बीएफएसआइ, कंसल्टिंग, लाजिस्टिक्स एंड सप्लाई चेन, रक्षा क्षेत्र और आटोमोटिव सहित विभिन्न क्षेत्रों की प्रमुख कंपनियों की भागीदारी देखी गई।

छात्रों को अमेजन, एसएपी लैब्स, डीई शा, जेपी मार्गन चेस, वेल्स फार्गो, एचएसबीसी, टाटा कैपिटल, आदित्य बिड़ला ग्रुप, नेशनल पेमेंट्स कारपोरेशन आफ इंडिया, डेलायट, एक्सेंचर, मारुति सुजुकी और काग्निजेंट जैसे राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय कंपनियों ने छात्रों को उनकी प्रतिभा के अनुसार अपने संस्थान में जगह दी।

आईआईएम रांची ने हाल ही में विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त करते हुए क्यूएस एक्जीक्यूटिव एमबीए रैंकिंग 2026 में अपनी जगह बनाई है। यह संस्थान के वैश्विक मान्यता और अकादमिक उत्कृष्टता को दर्शाता है। साथ ही, आइआइएम रांची के

एक्जीक्यूटिव एमबीए (ईएमबीए) 2026-28 (समर बैच) के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

https://www.jagran.com/news/iim-ranchi-placements-2025-26-rs-1-2-cr-e-mba-rs-52-5-l-mba-40230585.html

# IIM Ranchi placements 2026: आईआईएम रांची में जबरदस्त प्लेसमेंट, छात्र को मिला 1.2 करोड़ का जॉब ऑफर

IIM Ranchi placement 2026: इस साल आईआईएम रांची के छात्रों पर जमकर पैसा बरसा है. प्लेसमेंट रिपोर्ट के मुताबिक, एक्जीक्यूटिव एमबीए के एक छात्र को रिकॉर्ड 1.2 करोड़ रुपये सालाना का पैकेज मिला, जबकि एमबीए का हाईएस्ट प्लेसमेंट ऑफर 52.5 लाख रुपये रहा.




IIM रांची के छात्रों पर हुई पैसों की बारिश

Image Credit source: IIM Ranchi Official Website

TV9 Bharatvarsh Updated on: May 07, 2026 8:35 AM IST

इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट यानी आईआईएम रांची ने 2025-26 शैक्षणिक सत्र के लिए अपनी फाइनल प्लेसमेंट रिपोर्ट जारी कर दी है. एमबीए, एमबीए-एचआरएम, एमबीए-बीए और एक्जीक्यूटिव एमबीए बैचों के लिए हुई इस प्लेसमेंट में कुल 96 कंपनियों ने भाग लिया और छात्रों को जबरदस्त जॉब ऑफर दिए. रिपोर्ट के मुताबिक, इस साल का हाईएस्ट पैकेज 1.2 करोड़ रुपये रहा, जो एग्जीक्यूटिव एमबीए (E-MBA) 2024-26 के एक छात्र को मिला, जबकि एमबीए का टॉप प्लेसमेंट ऑफर 52.5 लाख रुपये रहा.

संस्थान ने पिछले साल की तुलना में हाईएस्ट सीटीसी में 4.19 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है. आईआईएम रांची के मुताबिक, पिछले बैच की तुलना में छात्रों की संख्या में 31.15 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि प्री-प्लेसमेंट ऑफर (पीपीओ) में भागीदारी और छात्रों की औसत प्लेसमेंट सैलरी में भी वृद्धि दर्ज की गई है.

## 60 कंपनियों ने दी एमबीए छात्रों को नौकरी

एमबीए छात्रों में से 72.83 प्रतिशत फ्रेशर थे और 42.93 प्रतिशत महिला उम्मीदवार थीं. कुल 60 कंपनियों ने एमबीए छात्रों को नौकरी के ऑफर दिए. एमबीए छात्रों के लिए हाईएस्ट वार्षिक पैकेज 52.50 लाख रुपये था, जबकि औसत वेतन 19.24 लाख रुपये रहा. टॉप 25 प्रतिशत छात्रों का औसत पैकेज 24.83 लाख रुपये था. प्लेसमेंट रिपोर्ट के मुताबिक, एमबीए के 22.35 प्रतिशत छात्रों को प्री-प्लेसमेंट ऑफर (PPO) प्राप्त हुए, जिसमें औसत वेतन 19.28 लाख रुपये रहा. संस्थान ने ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप स्टाइपेंड में भी 23.12 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है, जो बढ़कर 3.69 लाख रुपये हो गया.

## एमबीए-एचआरएम प्लेसमेंट

एचआर मैनेजमेंट प्रोग्राम में एमबीए के लिए 40.54 प्रतिशत छात्रों को प्री-प्लेसमेंट ऑफर (PPO) प्राप्त हुए. पीपीओ का औसत वेतन 18.86 लाख रुपये था. वहीं, एचआर मैनेजमेंट प्रोग्राम में हाईएस्ट सालाना पैकेज 22.75 लाख रुपये था, जबकि टॉप 25 प्रतिशत छात्रों का औसत वेतन 20.95 लाख रुपये रहा और कुल औसत 17.74 लाख रुपये था.

## एमबीए-बीए प्लेसमेंट

बिजनेस एनालिटिक्स में एमबीए प्रोग्राम में पिछले बैच की तुलना में हाईएस्ट वेतन में 22.16 प्रतिशत की वृद्धि हुई है. सबसे अधिक सालाना पैकेज 32.13 लाख रुपये का था और टॉप 25 प्रतिशत छात्रों का औसत वेतन 27.81 लाख रुपये रहा, जबकि कुल औसत वेतन 20.99 लाख

रुपये था. संस्थान के अनुसार, एमबीए-बीए के 13.16 प्रतिशत छात्रों को प्री-प्लेसमेंट ऑफर प्राप्त हुए. एमबीए-बीए के छात्रों को बैंकिंग से लेकर कंसल्टिंग, आईटी और एनालिटिक्स, वित्तीय सेवाओं और फिनटेक जैसे विभिन्न क्षेत्रों में नौकरी मिली.

TV9hindi.com_07.05.2026_Online

# आईआईएम रांची में रिकॉर्ड प्लेसमेंट: ईएमबीए में 1.2 करोड़ और एमबीए में 52.50 लाख सालाना का पैकेज, कैंपस आई 96 कंपनियां

रांची 2 दिन पहले



भारतीय प्रबंधन संस्थान रांची ने सत्र 2025-26 की फाइनल प्लेसमेंट रिपोर्ट जारी कर दी है। इस बार संस्थान के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया है। एग्जीक्यूटिव एमबीए (ईएमबीए) 2024-26 बैच के एक छात्र को 1.2 करोड़ रुपए का सबसे बड़ा पैकेज मिला, जो अब तक का बड़ा रिकॉर्ड है।

वहीं, एमबीए, एमबीए-एचआरएम और एमबीए-बिजनेस एनालिटिक्स में पिछले साल के मुकाबले डोमेस्टिक सीटीसी में 4.19% की बढ़ोतरी हुई है। प्लेसमेंट में कुल 96 कंपनियों ने हिस्सा लिया और छात्रों को अलग-अलग सेक्टर में नौकरी के मौके दिए।

## नई कंपनियों से जुड़ाव, छात्रों को मिला फायदा

संस्थान के प्लेसमेंट के इस रिकॉर्ड को निदेशक प्रो दीपक कुमार श्रीवास्तव और कॉर्पोरेट रिलेशन चेयरपर्सन प्रो राजीव वर्मा की मौजूदगी में जारी की गई। निदेशक ने बताया कि इस बार छात्रों की संख्या में

31.15% की बढ़ोतरी हुई है।

टॉप 25% और 75% छात्रों के औसत पैकेज में भी अच्छा इजाफा देखने को मिला है। संस्थान ने इस साल 53 नई कंपनियों से संपर्क किया और उन्हें प्लेसमेंट के लिए जोड़ा। साथ ही 70 से ज्यादा इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स ने आकर छात्रों को गाइड किया, जिससे उनका कॉन्फिडेंस और स्किल दोनों बेहतर हुए।

## एमबीए और एचआरएम में अच्छे ऑफर

एमबीए प्लेसमेंट में 72.83% फ्रेशर्स और 42.93% छात्राएं शामिल हुईं। इस कोर्स में 60 कंपनियों ने ऑफर दिए। एक छात्र को 52.50 लाख रुपए का सबसे बड़ा पैकेज मिला। टॉप 25% छात्रों का औसत पैकेज 24.83 लाख रुपए रहा, जबकि कुल औसत 19.24 लाख रुपए रहा।

करीब 22.35% छात्रों को पहले ही प्री-प्लेसमेंट ऑफर मिल चुका था। वहीं, एमबीए-एचआरएम में 40.54% छात्रों को पहले ही पीपीओ मिल गया था। इस कोर्स में सबसे ज्यादा पैकेज 22.75 लाख रुपए और औसत पैकेज 17.74 लाख रुपए रहा।

## एमबीए-बीए में भी उछाल, बड़ी कंपनियों ने दिए मौके

एमबीए-बिजनेस एनालिटिक्स के छात्रों के पैकेज में 22.16% की बढ़ोतरी हुई है। इस कोर्स में सबसे बड़ा पैकेज 32.13 लाख रुपए रहा। छात्रों को बैंकिंग, आईटी, कंसल्टिंग और फिनटेक सेक्टर में अच्छे मौके मिले। प्लेसमेंट में Amazon, Deloitte, Accenture, JP Morgan Chase और Cognizant जैसी बड़ी कंपनियां शामिल रहीं।

हाल ही में संस्थान को QS Executive MBA Rankings 2026 में भी जगह मिली है, जिससे इसकी पहचान ग्लोबल स्तर पर और मजबूत हुई है। साथ ही नए ईएमबीए बैच के लिए एडमिशन प्रक्रिया भी शुरू हो गई है।